संख्या–cm-489
28/12/2019

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व0 अरूण जेटली जी की मूर्ति का किया लोकार्पण

पटना, 28 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अरूण जेटली जी की जयंती के मौके पर कंकड़बाग पार्क संख्या– 31 में नव स्थापित पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व0 अरूण जेटली जी की आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 अरूण जेटली जी की पत्नी श्रीमती संगीता जेटली को स्व0 अरूण जेटली की छोटी मूर्ति मोमेंटो के रूप में भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने श्रीमती संगीता जेटली एवं उनके परिवार के सदस्यगणों को स्व0 अरूण जेटली जी की मूर्ति के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनका आभार प्रकट किया। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री संजय करोल भी परिवार सहित इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने मुख्य न्यायाधीश श्री संजय करोल को स्व0 अरूण जेटली की छोटी मूर्ति मोमेंटो के रूप में भेंट की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व0 अरुण जेटली जी विपरीत परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होते थे। हमेशा वे उत्साहित होकर अपनी बात रखते थे। अरुण जेटली जी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उनके मन में जो भी तत्काल विचार आते थे, उसपर वे बोलते थे, वे कुछ भी छुपाते नहीं थे, पूरी स्पष्टता के साथ हमेशा खुलकर बातें करते थे। वे बिहार के रहनेवाले नहीं थे लेकिन उनका बिहार से विशेष लगाव था। बिहारियों के प्रति उनके मन में आदर का भाव था। वे सबकी बातों को गौर से सुनते थे और उस पर सलाह देते थे। उन्होंने भारत सरकार में कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निवर्हन किया। वे एक उत्कृष्ट न्यायविद् भी थे। उन्होंने उच्च राजनीतिक मूल्यों एवं आदर्शों की बदौलत सार्वजनिक जीवन में उच्च शिखर को प्राप्त किया। स्व0 अरूण जेटली जी राजनैतिक द्वंदों के बीच कुशल समाधानकर्ता के रूप में हमेशा याद किये जायेंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था में जी0एस0टी0 का कार्यन्वयन उनके कार्यकाल के समय किया गया। स्व0 जेटली जी कठिन मामलों पर पक्ष–विपक्ष सभी लोगों से विमर्श करने के उपरांत हल निकालने के कारण भारतीय राजनीति में हमेशा याद रखे जायेंगे। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की बदौलत राजनीतिक सीमाओं के परे सभी विचारधारा के राजनीतिक दलों का आदर एवं सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने बिहार के लिए जो सहयोग किया है, उसे हम नहीं भूल सकते। उन्होंने जो प्रेरणा दी है उससे सदैव उनके प्रति मन में श्रद्धा बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व0 अरूण जेटली से मेरा निजी संबंध था। यह संबंध पार्टी एवं दलगत राजनीति से उपर था। हमारी हमेशा मुलाकात होते रहती थी। मुलाकात के क्रम में देश एवं राज्य के विकास के विभिन्न मुद्दों पर गहन विमर्श होता था। स्व0 अरूण जेटली जी ने केन्द्रीय मंत्री के तौर पर बिहार के लिए कई विशेष कार्य किये है। बिहार एवं बिहारवासियों के प्रति उनका हमेशा उदारवादी नजरिया रहता था। बिहार में लोकायुक्त के नये कानून बनाने में भी स्व0 अरूण जेटली ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया था। हम उन्हें हमेशा याद रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय अरुण जेटली जी की प्रतिमा का आज लोकार्पण किया गया है यह हम सब बिहारियों का उनके प्रति सम्मान है।

इस मौके पर पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री संजय करोल, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, सांसद डॉ0 सी0पी0 ठाकुर, सांसद

श्रीमती रमा देवी, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधायक श्री नितिन नवीन, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी पटना श्री कुमार रवि, स्व0 अरूण जेटली के पुत्र श्री रोहन जेटली, पुत्री श्रीमती सोनाली जेटली सहित परिवार के अन्य सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

******